हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 7 जनवरी 2024

04 पिपरिया और डहुआ पहुंची संकल्प यात्रा का ...



07 अव्यवस्था : कैसे सुधरेंगे हालात, छात्राएं हाथ में ...





### जिले में कुल 938484 मतदाता, जिनमें 485583 पुरुष, 452905 महिला और 36 अन्य

# मतदाता सूची का हुआ प्रकाशन, नाम जोड़ने-हटाने 22 तक चलेगा अभियान

लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया। अब 22 जनवरी तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन और नाम हटाने के लिए आवेदन लिए जाएंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

लोकसभा चुनाव के पहले शनिवार को मतदाता सूची की प्रारंभिक सूचना जारी गई। जिसके संबंध में शनिवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना की उपस्थिति में राजनैतिक दलों की बैठक आयोजित की हुई। जिसमें राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को प्रारूप मतदाता सूची की हार्ड कॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी का वितरण भी किया गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मीना ने राजनैतिक दलों को जानकारी देते हुए बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं जिसमें वह अपने क्षेत्र के बीएलओ और बीएलए के साथ बैठक कर मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त परीक्षण की गतिविधियां संचालित करेंगे। जिसमें मतदाताओं के नाम जोड़ने, विलोपित करने विशेषकर 18 से 20 वर्ष के नवीन मतदाताओं के नाम जोड़े जाएंगे। त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने की कार्यवाही पूर्ण की जाएगी। कलेक्टर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। फोटो निर्वाचक नामावली 2024 की प्रारंभिक गतिविधियां शुरू हो गई है। 6 जनवरी को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया गया हैं। इसके बाद 6 से 22 जनवरी तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन और नाम हटाने के लिए आवेदन लिए जाएंगे। 8 फरवरी को फोटो निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।



### 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा जुड़वा सकेंगे नाम

फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 अंतर्गत जिन युवाओं की उम्र 01 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की पूर्ण हो रही है, वे युवा मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही जो युवा 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे हैं, वे भी मतदाता सूची में नाम जुडवाने के लिए अग्रिम रूप से आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन के अलावा ऑफलाइन के लिए बीएलओ से संपर्क किया जा सकता है।बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार सिंह, एसडीएम नर्मदापुरम आशीष पांडे, नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर पंकज दुबे, इलेक्शन सुपरवाइजर कैलाश दुबे, मनोहर बडानी, राजेंद्र मालवीय, कासिम अली, अनोखेलाल राजोरिया, बीनू बुधोलिया , फैजान उल हक एवं रामगोविंद आदि उपस्थित रहें।

### जिले में कुल 938484 मतदाता

6 जनवरी को जिले में प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया, जिसके अनुसार जिले में कुल 938484 मतदाता हैं। जिनमें 485583 पुरुष , 452905 महिला एवं 36 अन्य शामिल हैं। 18 से 19 वर्ष के नव मतदाताओं की संख्या 28132 है जिनमें 15357 महिला एवं 12775 पुरुष शामिल है। 80 प्लस आयु के मतदाताओं की संख्या 12161 है जिनमें 4997 पुरुष एवं 7164 महिला शामिल है। जिले के जेंडर रेशा 932.78 एवं ईपी रेशा 65.96 हैं।

### 13 और 20 जनवरी को विशेष कैंप लगाए जाएंगे

कलेक्टर सुश्री मीना ने बताया कि फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान विशेष शिविर लगाए जाएंगे। यह शिविर 13 और 20 जनवरी को लगाए जाएंगे।

# नाबालिग से छेड़छाड़ के मामले में आरोपी दोषी करार, 5 वर्ष का कारावास

### विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट का फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट, नर्मदापुरम की अदालत ने आरोपी राकेश उर्फ छोटा पिता मुन्नालाल उम्र 21 वर्ष को पॉक्सो अधिनियम की धारा 10 में 5 वर्ष का कारावास तथा 354 भादंवि में 1 वर्ष के कारावास तथा कुल 4 हजार अर्थदण्ड के दण्ड से दण्डित किया गया।

प्रकरण में जिला अभियोजन अधिकारी राजकुमार नेमा ने बताया महिला थाना नर्मदापुरम अंतर्गत 10 सितंबर 2023 को शाम 4 बजे नाबालिग पीड़िता अपने घर पर थी, खाना खाकर सो रही थी।

आरोपी भी घर पर मौजूद था। पीड़िता उसकी माँ और भाई मजदूरी का पैसा लेने बाहर की तरफ गये थे, तभी आरोपी ने पीड़िता के साथ अभद्र हरकत की। घटना की रिपोर्ट महिला थाना में की गई जिसके आधार पर आरोपी के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर विवेचना उपरांत आरोप पत्र विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट, नर्मदापुरम में 9 नवंबर 2023 को प्रस्तुत किया गया था। विचारण दौरान न्यायालय के समक्ष पीड़िता एवं अन्य अभियोजन साक्षीयों के साक्ष्य के आधार पर आरोपी के विरूद्ध अपराध प्रमाणित पाए जाने पर अभियुक्त को दोषी पाकर दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक लखन सिंह भवेदी द्वारा पैरवी की गई।

## हैंडबॉल खिलाड़ियों का राष्ट्रीय व विश्वविद्यालय स्तर पर हुआ चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदा महाविद्यालय के 3 हैंडबॉल खिलाड़ियों का राष्ट्रीय एवं विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित प्रतिगिताओं के लिए चयन हुआ है। विश्वविद्यालय स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता सागर मध्यप्रदेश में 10 जनवरी को आयोजित है। इस प्रतियोगिता में नर्मदा महाविद्यालय के सत्यम शर्मा और रूपेश पाल का चयन हुआ है। एक अन्य राष्ट्रीय हैंडबाल प्रतियोगिता जो की करौली राजस्थान में 9 से 13 जनवरी को आयोजित की जानी है उसमें नर्मदा महाविद्यालय के देवेंद्र नर्रे का चयन हुआ है। इस उपलक्ष्य में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओ एन चौबे ने सभी खिलाड़ियों को आगे बढ़ने और विजयी होने की शुभकामनाएं दी उनका उत्साह वर्धन भी किया। साथ ही साथ खेल एवं क्रीड़ा विभाग प्रभारी डॉ महेश मानकर, कोच स्नेहा दुबे एवं प्राध्यापकों ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी । गौरतलब है कि ये सभी खिलाड़ी 8 एवं 9 जनवरी को राजस्थान एवं सागर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# नर्मदा लोकः पर्यटन विभाग से समन्वय के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में स्वीकृत निर्माण कार्यों को पूर्ण कराने में गति लाएं। भूमिपूजन हो चुके कार्यों को भी शीघ्र निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य प्रारंभ किए जाए। जनप्रतिनिधियों से प्राप्त निर्माण कार्यों के मुद्दो का भी प्राथमिकता से निराकरण कराएं। यह निर्देश कलेक्टर सोनिया मीना ने सभी निर्माण विभागों के अधिकारियों को दिए हैं। कलेक्टर ने शनिवार को कलेक्ट्रेट में जिले में प्रगतिरत और स्वीकृत निर्माण कार्यों की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। साथ ही विगत दिवस आयोजित बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा बताए गए निर्माण कार्यों की प्रगति के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए निर्माण कार्यों के संबंध में निरंतर मॉनिटरिंग करें। किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर वरिष्ठ अधिकारियों एवं कार्यालय से संपर्क कर उनका समाधान कराएं। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एसएस रावत सहित एसडीएम आशीष पांडे और निर्माण विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें। उन्होंने नगरपालिका नर्मदापुरम अंतर्गत सिवरेज लाइन, ऑडोटोरियम निर्माण, ट्रेंचिंग ग्राउंड, नर्मदा लोक एवं पार्क निर्माण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सीएमओ नर्मदापुरम को निर्देशित किया कि सिवरेज लाइन निर्माण में संबंधित विभाग एमपीयूडीसीएल के सतत संपर्क में रहकर कार्यों की मॉनिटरिंग करें। कॉन्ट्रैक्टर द्वारा लापरवाही बरतने पर आवश्यक कार्यवाही भी करें। उन्होंने ट्रेंचिंग ग्राउंड की समस्या का भी समाधान करने के निर्देश दिए। नर्मदा लोक के निर्माण के संबंध में मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम से समन्वय करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने नर्मदापुरम नगर अंतर्गत पार्कों का भी निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिले में स्वीकृत सीएम राइस स्कूल के निर्माण की प्रगति की भी कलेक्टर ने समीक्षा की। उन्होंने कार्यपालन यंत्री ई पीआईयू को निर्देशित किया कि सीएमराइज स्कूल के कार्य गुणवत्तापूर्ण रूप से समय पर पूर्ण कराएं। उन्होंने लोक निर्माण विभाग अंतर्गत स्वीकृत सड़क निर्माण कार्यों की भी विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने सड़कों और पुलों के अप्रारंभ कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नर्मदा पिपरिया एवं नर्मदा पिपरिया फोरलेन निर्माण, दूधी परियोजना, देवरी माइक्रो सिंचाई परियोजना, डोकरीखेड़ा सिंचाई योजना, चांदकीय लघु जलाशय निर्माण, मोरंड गंजाल संयुक्त परियोजना की प्रगति की भी विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने भूमिपूजन हो चुकी उक्त परियोजनाओं में संबंधित विभागों के अधिकारियों को तेजी से कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए।



# 54 आईआईटी और एनआईटी के बीच इंदौर के एसजीएसआईटीएस ने बाजी मारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




कॉलेज के डिपार्मेंट ऑफ इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन के असिस्टेंट प्रोफेसर कृष्णकांत धाकड़ ने बताया कि पुणे में एएसई द्वारा आयोजित टेक्नोलॉजी इनोवेशन फोरम फॉर एग्रीकल्चर नर्चरिंग (टीफान) प्रतियोगिता के पहले राउंड में संस्थान की टीम द्वारा डिजाइन किया गया मॉडल मल्टी वेजिटेबल ट्रांसप्लांटर का चयन कर लिया गया है।

इस प्रतियोगिता में देश के 54 इंजीनियरिंग और आईआईटी संस्थान ने हिस्सा लिया था। मप्र के लिए यह गौरव की बात है कि एसजीएसआईटीएस की टीम ने प्रथम बार हिस्सा लिया और उनके मॉडल का चयन हुआ। 17 सदस्यीय टीम के सभी छात्रों ने प्रतियोगिता के लिए कड़ी मेहनत कर मल्टी वेजिटेबल ट्रांसप्लांटर का रोबोटिक डिजाइन तैयार किया है जिससे सब्जियों की बुवाई आसान हो जाएगी इस डिवाइस को जून में फाइनल राउंड में प्रदर्शित किया जाएगा। इस टीम के सदस्यों में नर्मदापुरम के युवा शाश्वत चौहान का भी योगदान रहा।

# 205 मरीजों का निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में उपचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




नर्मदा अपना अस्पताल नर्मदापुरम एवं नर्मदा जीवन दायिनी संस्था द्वारा यूको बैंक के 82 स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सालीचौका (बाबईकला) में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 205 मरीजों ने अपना निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण करवाया गया। शिविर में आए लोगों की निशुल्क बीपी शुगर सहित कई बीमारियों की जांचे की गई। शिविर में सत्येंद्र परमार, डॉ.अनुज,अनिल गौर, देवेंद्र यादव,रोहित साहू, रिशान्त ,देव , हर्षित यादव, विनोद एवं यूको बैंक प्रबन्धक सचिन साहू व समस्त स्टॉफ विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## 1 लाख 20 हजार का महुआ लाहन और हाथ भट्टी शराब जब्त की



**नर्मदापुरम।** शनिवार को आबकारी विभाग ने विशेष अभियान के अंतर्गत माखननगर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर दबिश एवं तलासी की कारवाई की गई। जिसमें बागरा रोड माखननगर के नाले में लगभग 600 किलोग्राम महुआ जप्त कर फैला कर नष्ट किया गया। अज्ञात आरोपियों की तलाश जारी है। पुनः कुचबंदिया मोहल्ला एवं आवास कॉलोनी में भी दबिश कार्यवाही की गई ,जिसमे नाले में लावारिश अवस्था में लगभाग 500 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 35 लीटर हाथ भट्टी महुआ मदिरा जप्त किया गया। वहीं 3 आरोपियों से 6 लीटर महुआ शराब जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जमानत मुचलके पर छोड़ा गया। कुल मिलाकर 1100 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 40 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब जप्त किया गया। जप्त शराब की कुल कीमत लगभग 1 लाख 20 हजार रूपये आंकी गई है। कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारीनरेश प्रताप सिंह,आबकारी उप निरीक्षक वासुदेवाचार्य त्रिपाठी, आरक्षक नर्मदा प्रसाद मेहरा, विकास लोखंडे तथा महिला आरक्षक भावना यादव का विशेष योगदान था।

## बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए जिला चिकित्सालय की टीम का किया सम्मान



**नर्मदापुरम।** जिला चिकित्सालय में बेहतर होती स्वास्थ्य सेवाओं क तारतम्य में जिला चिकित्सालय की टीम को सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय की इटारसी निवासी ममता शैलेंद्र साहू का बच्चेदानी एवं हर्निया का ऑपरेशन होना था। उन दोनों ऑपरेशनों को एक साथ करने के लिए प्राइवेट अस्पताल सहमत नहीं थे, परंतु जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों की टीम ने इस कार्य को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। मरीज के दोनों ऑपरेशन एक साथ सफलतापूर्वक करके एक नया आयाम जिला चिकित्सालय में स्थापित किया जो की जिला चिकित्सालय और शासकीय सेवाओं की बेहतरीन व्यवस्था को दर्शाता है उक्त कार्य हेतु रेड क्रॉस समिति जिला प्रबंधकारिणी समिति नर्मदापुरम एवं राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन नर्मदापुरम के द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित कर समस्त डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ की टीम जिसमें सीएमएचओ डॉ दिनेश दहलवार, सिविल सर्जन डॉ सुधीर विजयवर्गीय, डॉ राजेश माहेश्वरी, डॉ सुनीता कमले, डॉ रविंद्र गंगराडे, डॉ सौम्य रघुवंशी, मेटरन किरण सिंह, नर्सिंग ऑफिसर वृंदा रघुवंशी ओटी इंचार्ज, नर्सिंग ऑफिसर सपना वर्मा पोस्ट आपरेटिव वार्ड इंचार्ज सहित समस्त स्टाफ का सम्मान एवं धन्यवाद किया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय रेड क्रॉस प्रबंधकारिणी समिति नर्मदापुरम के अध्यक्ष चंद्र गोपाल मालिया, कोषाध्यक्ष मुकेश श्रीवास्तव, सह सचिव गौरव सेठ, सदस्य उदित द्विवेदी, किसान केशव साहू,डॉ बसंत जोशी, नर्मदा प्रसाद साहू बायां, कोमल साहू ,नर्मदा प्रसाद साहू होशंगाबाद, वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश साहू, जिला महामंत्री आईटीएसएम देवेंद्र राठौर आदि उपस्थित थे।

### केंद्रों में खुले में रखी धान का उपार्जन किया

# हाड़ कंपा देने वाली ठंड का सितम जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले में लगातार गिरते पारे और हाड़ कंपा देने वाली ठंड सितम ढा रही है। जिससे लोग ठिठुर रहे है। हालांकि शनिवार को अधिमतम पारे में 3.2 डिसे का उछाल आया और तापमान 20.7 डिसे दर्ज हुआ। वहीं न्यूनतम पारे में भी बादलों के कारण हल्की बढ़त दर्ज की गई और तापमान 17.5 डिसे पर जाकर ठहरा। इस दौरान हवा की गति तेज होने कारण सर्दी का एहसास हुआ, लेकिन अन्य दिनों की अपेक्षा कोहरे में कमी देखी गई।

शनिवार को दिन में बारिश दर्ज नहीं लेकिन शुक्रवार-शनिवार की रात नर्मदापुरम में 8.8 मिमी पानी बरसा। इधर हिल स्टेशन पचमढ़ी की बात करें तो पचमढ़ी का मौसम भी सुहाना बना हुआ है। शनिवार को अधिकमत तापमान 20.7 डिसे और न्यूनतम तापमान 13.2 डिसे रहा। वहीं बारिश से धान के बचाव के लिए कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशन में सफल प्रयास किए गए हैं। कलेक्टर की सतत मॉनिटरिंग का परिणाम रहा कि विगत 2 दिनों में ओपन उपार्जन केंद्रो से लगभग शत प्रतिशत परिवहन एवं भंडारण किया गया हैं। उपायुक्त सहकारिता शिवम मिश्रा, जिला विपणन अधिकारी देवेंद्र यादव, जिला आपूर्ति नियंत्रक ज्योति जैन ने बनखेड़ी के ओपन एरिया केंद्र पर उपस्थित रहकर धान का सुचारू रूप से परिवहन कराया गया।

### वाहनों की संख्या बढ़ाई

उपायुक्त सहकारिता शिवम मिश्रा ने बताया कि जिले में केवल बनखेड़ी में 6 केंद्र पर धान उपार्जन खुले में किया जाने से कट्टिया खुले में रखी हुई थी। ऐसे केंद्रो पर वाहनों की संख्या बढ़ाकर परिवहन कार्य कराया जा रहा है। लगभग 112 श्रमिक नियोजित किए गए हैं। आवश्यकता अनुसार वाहनों की संख्या बढ़ाई जा रही हैं। धान को सुरक्षित रुप से गोदामों में स्टागिंग कर रखा गया है। अधिकांश केंद्रो पर शत प्रतिशत परिवहन सुनिश्चित किया गया है। बनखेड़ी के गायत्री वेयरहाउस से 1200 क्विंटल के विरुद्ध 1200 क्विंटल का उठाव किया जा चुका है। मालनवाडा वेयरहाउस में 3600 क्विंटल के विरुद्ध कंप्लीट 3600 क्विंटल, ग्राम सुरेलारणधीर स्थित केंद्र में 4100 क्विंटल के विरुद्ध 4100 क्विं., मंडी केंद्र पर शेष 4400 क्विं. के विरुद्ध 2500 क्विंटल धान का परिवहन किया गया। इसी प्रकार सीताभोज वेयरहाउस में 4500 क्विंटल के विरुद्ध लगभग 3800 क्विंटल का सुरक्षित परिवहन किया गया हैं। कामती ग्राम के केंद्र पर खरीदी गई अधिकांश धान का परिवहन किया गया है। इन केंद्रों पर शेष बची लगभग 1200 क्विंटल धान का भी शीघ्र परिवहन पूर्ण कर लिया जाएगा।

### परिवहन की जानकारी ली

कलेक्टर सोनिया मीना ने शनिवार को धान उपार्जन की समीक्षा कर खुले में रखी धान के परिवहन की जानकारी ली गई। उन्होंने उपार्जन संबंधी अधिकारियों को बनखेड़ी स्थित केंद्रों का निरीक्षण कर खुले में रखी धान का भी शीघ्र परिवहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे गोदाम जो फूल हो गए हैं उनके स्थान पर नजदीकी गोदामों को मैप कर वहां धान का भण्डारण कराएं। केंद्रों पर श्रमिकों वाहन, सिलाई मशीन आदि आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कर खरीदी गई धान का सुचारू रूप से परिवहन कराएं। उन्होंने खरीदी की तुलना में भुगतान की स्थिति की भी विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। जिला आपूर्ति नियंत्रक ज्योति जैन ने बताया कि जिले में अभी तक निर्धारित 65 उपार्जन केंद्रों में 12406 पंजीकृत किसानों से 138164 मेट्रिक टन धान की खरीदी किया जा चुका है। साथ ही 184.42 करोड़ का भुगतान किसानों को किया गया हैं।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा वेन का हुआ स्वागत, 977 लोग लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




नगरीय क्षेत्र नर्मदापुरम में विकसित भारत संकल्प यात्रा वेन का शासकीय स्कूल के पास ग्वालटोली के आगमन हुआ, जिसमें यात्रा में पधारे मुख्य अतिथि, एवं गणमान्य अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों का स्वागत सत्कार हुआ एवं भव्य कलष यात्रा का कार्यक्रम स्थल की ओर प्रस्थान हुआ।

मुख्य विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित एवं कन्या पूजन कर विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में केन्द्र एवं राज्य शासन द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं गतिविधियों से अवगत कराया गया। शासकीय स्कूल द्वारा नृत्य एवं आदिवासी समुदाय के बालक-बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुती दी गई। मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत स्व. सहायता समूह, पीएमस्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना के हितग्राहियों द्वारा प्राप्त योजनाओं के संबंध में अनुभव साझा करने हेतु मंच पर भाषण हुए तथा सम्मान समारोह एवं क्वीज प्रतियोगिता एवं समस्त योजनाओं के हितग्राहीयों को मुख्य अतिथि द्वारा लाभ वितरण किए जाने एवं कार्यक्रम में अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति तथा वक्तव्य हेतु आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन हुआ।

वार्ड क्रमांक 25, 29, 30, 31, 32 एवं 33 के हितग्राहियों सहित कुल 1256 व्यक्ति उपस्थित रहे जिनमें से कुल 977 लोगों को लाभान्वित किया गया।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का 19वां दिन, दी जा रही योजनाओं की जानकारी

# पिपरिया और डहुआ पहुंची संकल्प यात्रा का ग्रामवासियों ने किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल





विकसित भारत संकल्प यात्रा 19वें दिन शनिवार को मुलताई विकासखंड की ग्राम पंचायत पिपरिया तथा डहुआ पहुंची। जहां ग्रामवासियों ने हर्षोल्लास से यात्रा का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर सरपंच तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों ने उपस्थित किसानों को खरीफ एवं रबी मौसम के पूर्व मिट्टी की जांच करवाने एवं मिट्टी नमूना संकलन करने की विधि की विस्तार से जानकारी दी।

विकसित भारत संकल्प यात्रा 6 जनवरी को बैतूल, घोड़ाडोंगरी, आमला, मुलताई और भैंसदेही विधानसभा के कुछ ग्रामों में पहुंची। विकसित भारत संकल्प यात्रा बैतूल जनपद पंचायत के ग्राम साईखण्डरा, जावरा तथा नाहिया, आठनेर जनपद पंचायत के ग्राम बोथी, घोड़ाडोंगरी जनपद पंचायत के ग्राम मेंढापानी, शाहपुर जनपद पंचायत के ग्राम गुवाड़ी तथा सालीमेट, आमला जनपद पंचायत के ग्राम तिरमहू तथा हरदोली, मुलताई जनपद पंचायत के ग्राम पिपरिया तथा डहुआ, प्रभातपट्टन जनपद पंचायत के ग्राम सावंगी तथा बिरूलबाजार, भैंसदेही जनपद पंचायत के ग्राम धाबा, भीमपुर जपद पंचायत के ग्राम चिल्लौर तथा कामोद में भ्रमण कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

### *8 जनवरी को यात्रा का रूट*

*विकसित भारत संकल्प यात्रा 8 जनवरी सोमवार को बैतूल, घोड़ाडोंगरी, आमला, मुलताई और भैंसदेही विधानसभा में पहुंचेगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा बैतूल जनपद पंचायत के ग्राम गुढ़ी, रेड़वा तथा बारव्ही, आठनेर जनपद पंचायत के ग्राम बाकुड़ तथा सातनेर, घोड़ाडोंगरी जनपद पंचायत के ग्राम पीसाझोड़ी, शाहपुर जनपद पंचायत के ग्राम झापा तथा झापड़ी, आमला जनपद पंचायत के ग्राम राजेगांव तथा उमरिया, मुलताई जनपद पंचायत के ग्राम पारड़सिंगा तथा देवरी, प्रभातपट्टन जनपद पंचायत के ग्राम बलेगांव तथा सेंदूरझना, भैंसदेही जनपद पंचायत के ग्राम थपोड़ा, भीमपुर जनपद पंचायत के ग्राम कासमारखण्डी तथा गुरूवा में भ्रमण कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देंगी।*

# कोहरा और बारिश के चलते हो सकता है फसलों को नुकसान

## पिछले तीन दिन से छाए हुए हैं बादल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा

पिछले तीन दिनों से बादल छाने एवं कोहरा एवं पानी के गिर जाने से खेतों में लगी फूल पर आ गई फसलों को नुकसान भ होने की संभावना है। इस वर्ष शुरुआत से ही किसान मौसम की बेरुखी से परेशान है। उस पर आए दिन आसमान में बादल छाने से रबी सीजन की फसल गेहूँ, चना, सरसो एवं मसूर की फसल प्रभावित हो रही है। नगर के किसान रामू मालवीय ने बताया कि जो फसल फूल पर आ गई है उन्हे ज्यादा नुकसान होगा। ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी सूरजलाल मर्शकोले का कहना है कि चना, मटर, सरसो एवं मसूर की फसल फूल पर आ गई है इन फसलों को नुकसान होगा जबकि अधिक पानी से गेहू की फसल को नुकसान होगा।



## एनसीडब्ल्यूसी के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से की भेंट



**बैतूल।** जिले के प्रशासनिक मुखिया की कुर्सी संभालने के बाद कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी का सामाजिक संगठनों, समितियों द्वारा स्वागत किया जा रहा है। नेशनल कांग्रेस वर्कस कमेटी (एनसीडब्ल्युसी) आईटी सेल के राष्ट्रीय प्रभारी और मप्र कांग्रेस कमिटी के अनुसूचित विभाग भोपाल के प्रदेश संयोजक नागराज नागले और श्रीमती मालति नागले ने भेंट की।

## शीतलहर से बचाव को लेकर एडवॉयजरी जारी

**सीहोर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने शीतघात व शीत लहर को लेकर पर्याप्त सावधानी बरतने की अपील की गई है। उन्होने बताया कि शीत ऋतु में तापमान अत्यधिक कम होने पर शीत लहर का चलना प्रारंभ हो जाता है! जिसके कारण मानव स्वास्थ्य पर अनेक विपरित प्रभाव जैसे सर्दी जुकाम, बुखार, निमोनिया, त्वचा रोग, फेफड़ों में संक्रमण, हाईपोथर्मिया, अस्थमा, एलर्जी होने की आशंका बनी रहती है। प्रभावी शीत लहर से बचने के लिए गर्म एवं ऐसे कपड़े जिनमें कपड़ों की कई परतें होती है वह शीत लहर से बचाव के लिए अत्यधिक प्रभावी होते है। रजाई, कंबल, स्वेटर, गर्म कपडों का उपयोग किया जाना चाहिए एवं मफलर, आवरण युक्त जलरोधी जूतों का उपयोग किया जाना चाहिए। जनजागरूकता के लिए मैदानी स्तर पर आशा, आशा सुपरवाईजर्स, एएनएम, एमपीडब्ल्यू को जनजागरूकता के लिए निर्देशित करने को कहा गया है।

## भारतीय स्टेट बैंक नर्मदापुरम ने गरीब व बेसहाराओं को ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरित किए




**नर्मदापुरम।** शहर में इन दिनों शीत लहर से गरीब व बेसहारा लोगों को बहुत परेशानी हो रही है । भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय-4, नर्मदापुरम द्वारा दिनांक 06.01.2024 को शहर में सर्किट हाउस के पास, विवेकानंद घाट, रेल्वे स्टेशन, वक्रतुंड कॉम्प्लेक्स व आस-पास के क्षेत्रों में शीत लहर के प्रकोप से बचाव हेतु गरीब व बेसहारा व्यक्तियों को 111 कंबलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक श्रीमती सुनीता साहू रावत, मुख्य प्रबन्धक श्री अमित कुमार सिन्हा एवं श्री मनीष कुमार, प्रबन्धक श्री भरत कुमार सोनी व सभी स्टाफ सदस्यों की उपस्थिती रहीं क नर्मदापुरम शहर के समाजसेवी व गणमान्य व्यक्तियों ने भारतीय स्टेट बैंक द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत आयोजित किये गये उक्त कार्यक्रम की सराहना की।

# फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत बैठक




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

फोटो निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत शनिवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों/प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी द्वारा फोटो निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के उपरोक्तानुसार कार्यक्रम की जानकारी एवं आयोग के निर्देशों से राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों/प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से बैठक में चर्चा में प्राप्त सुझावों पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सूर्यवंशी ने प्राप्त दावे आपत्तियों की बीएलओ द्वासंबंधितों को पावती दिये जाने तथा दावे आपत्तियों का निराकरण सात दिवस की अवधि में किये जाने हेतु निर्देश दिये गये। एकीकृत प्रारूप मतदाता सूची सामान्य नागरिकों के अवलोकन हेतु निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय तथा प्रत्येक मतदान केन्द्र पर बीएलओ के पास 06 जनवरी 2024 से 22 जनवरी 2024 तक उपलब्ध है। आम नागरिक/मतदाता मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु दावे, मतदाता सूची की किसी प्रविष्टि में संशोधन अथवा विलोपन हेतु आपत्ति 06 जनवरी 2024 से 22 जनवरी 2024 तक प्रस्तुत कर सकते है।

### मतदान केंद्रों पर आयोजित होंगे विशेष कैंप

दावे आपत्तियां दर्ज करने की अवधि 06 जनवरी 2024 से 22 जनवरी 2024 तक है, जिसके मध्य दिनांक 13 जनवरी 2024 एवं 20 जनवरी 2024 दिन शनिवार को विशेष कैंप मतदान केंद्रों पर आयोजित किये जायेंगे। आयोग के निर्देशानुसार उपरोक्त कार्यक्रम अवधि में सभी दावे आपत्तियों का निराकरण 02 फरवरी 2024 तक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा किया जाकर निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 08 फरवरी 2024 को किया जावेगा। 06 जनवरी 2024 को फोटो निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन बैतूल जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्रों में अभिहित स्थानों यथा सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/ सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालयों तथा मतदान केन्द्रों पर किया गया। बैठक में श्री कैलाश धोटे, श्री पवन यादव प्रतिनिधि भारतीय जनता पार्टी, श्री हेमन्त वागद्रे अध्यक्ष ग्रामीण इंडियन नेशनल कांग्रेस, श्री देवेंद्र वाघ प्रतिनिधि इंडियन नेशनल कांग्रेस, श्री शैलेश कुमार वाईकर, जिला अध्यक्ष आम आदमी पार्टी, तथा श्री जीआर पटेल अध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी, श्री अमरसिंह खातरकर सचिव, बहुजन समाज पार्टी एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्री मकसूद अहमद प्रमुख रूप से उपस्थित रहें।

### किरण प्रथम, निशा द्वितीय रहीं

## मतदाता दिवस, महाविद्यालय स्तरीय निबंध प्रतियोगिता संपन्न



**बैतूल।** जेएच कॉलेज में आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग के आदेश के परिपालन में 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरूर डालेंगे हम विषय पर महाविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता प्राचार्या डॉ.विजेता चौबे के संरक्षण में नोडल अधिकारी डॉ.सुखदेव डोंगरे के मार्गदर्शन में, डॉ.कमलेश अहिरवार के संयोजन में डॉ.मनोज घोरसे, डॉ.शीतल खरे, प्रो.संतोष पंवार की उपस्थिति में संपन्न हुई। डॉ.विजेता चौबे ने मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि बेहतर निबंध कैसे लिखा जाए। डॉ.सुखदेव डोंगरे ने कहा कि लोकतंत्र में मतदान का बहुत महत्व है। प्रत्येक व्यक्ति को मतदान करना चाहिए। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम किरण उइके, द्वितीय निशा किरोदे, तृतीय लक्ष्मी मालवीय रहीं। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में आयुष घिड़ोड़े, कोमल देशमुख, करीना, निशा, प्रमिला, रानू, दिपाली, नेहा, सोनम, पूजा, मुस्कान, सुरभि, रिया, रंजीता, विशाल, आयुष, नयन, ऋषि, सिकंदर, कुणाल आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# डॉ. सलिल दुबे का विवेकानंद विज्ञान महाविद्यालय ने किया सम्मान



**बैतूल।** हाल ही में जयवंती हक्सर शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय बैतूल से सेवानिवृत्त हुए प्रो. डॉ. सलिल दुबे का विवेकानंद विज्ञान महाविद्यालय में एक सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। सरस्वती पूजन उपरांत लगभग शाम 7:30 बजे कार्यक्रम शुरू किया गया। कार्यक्रम में विवेकानंद विज्ञान महाविद्यालय का स्टाफ एवं नगर के सम्मानित जन उपस्थित रहे। सम्मान कार्यक्रम पूरी तरह संगीतमय रहा। जिसमें श्री निर्गुण देशमुख, श्री गढ़ेकर, श्री धोटे एवं अतिथि मनीष दीक्षित ने अपने भावों को संगीत में पिरोकर गीतों के माध्यम से डॉ. सलिल दुबे का सम्मान किया। इस अवसर पर वीवीएम कॉलेज के प्राचार्य डॉ. कृष्णा खासदेव ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ. सलिल दुबे अपने कार्य के प्रति समर्पित रहे हैं।

उन्होंने कहा कि 41 वर्षों की सेवा पूर्ण करने के कारण डॉ. सलिल दुबे द्वारा जिले के हजारों छात्र-छात्राएं लाभान्वित हुए हैं। संजय बालापुरे ने कहा डॉ. दुबे सहज एवं सरल रहे हैं। उन्होंने अपने छात्र जीवन में डॉ. दुबे से तकनीकी ज्ञान अर्जित किया जो आज तक उनके काम आ रहा है। श्री निर्गुण देशमुख ने अपने छात्र जीवन को याद करते हुए बताया कि डॉ. दुबे नियमिति सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक कक्षाएं लिया करते थे। अतिरिक्त समय में प्रायोगिक उपकरणों को सुधारा भी करते थे तथा छात्रों को भौतिक शास्त्र के कठिन से कठिन प्रयोगों को सरलता से समझाया करते थे। अंत में डॉ. सलिल दुबे ने कहा कि शिक्षक की छवि एक चुम्बक की भांति होना चाहिए। जिससे सभी छात्र-छात्राएं उनसे आकर्षित हों, विकर्षित नहीं जिससे कि प्रत्येक छात्र-छात्राएं शिक्षक के विषय ज्ञान एवं व्यवहारिक ज्ञान का दोहन कर सकें। डॉ. सलिल दुबे ने इस संगीतमय सम्मान कार्यक्रम के आयोजकों का आभार व्यक्त किया।

### कलेक्टर से मिला ...

## सूर्यवंशी ढोलेवार कुनबी समाज युवा संगठन का प्रतिनिधिमंडल



**बैतूल।** सूर्यवंशी ढोलेवार कुनबी समाज युवा संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने नवागत कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी से मुलाकात कर जिले में आगमन पर उनका स्वागत किया तथा समाज की गतिविधियों से अवगत कराया। समाज के मीडिया प्रभारी ने बताया कि समाज के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कलेक्टर ने भी स्थानीय सामाजिक गतिविधियों की जानकारी लेते हुए प्रशासन को सहयोग प्रदान करने की बात कही। प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को रक्तदान शिविर सहित समाज संगठन द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों से अवगत कराया। कलेक्टर ने भी युवा संगठन द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने युवा पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि वह समाज सेवा के कार्यों में ऐसे ही आगे बढ़ते रहे। अगर उन्हें कोई मदद की जरूरत पड़ती है तो वह समाज सेवा के कार्यों में हर संभव मदद करेंगे। युवा पदाधिकारियों ने संगठन द्वारा आगामी समय में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित करने की भी जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि सूर्यवंशी ढोलेवार कुनबी समाज युवा संगठन के गठन होने के साथ ही जिला अध्यक्ष एवं समाज के द्वारा समाज के प्रति कार्य सराहनीय रहा है। युवा संगठन का उद्देश्य केवल जन सेवा है। युवा कार्यकर्ताओं का कहना है कि उन्हें खुशी है कि जरूरतमंदों की सेवा का मौका मिल रहा है।

## बारिश के चलते जय हो क्लब आमला और सब्जी भंडार क्लब बैतूल का फाइनल मुकाबला रद्द

**आमला।** नगर के रेलवे स्टेडियम में चल रही टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का दिन शनिवार को दोपहर 12 बजे से फाइनल मुकाबला खेला जाना था।आमला प्रीमियर लीग के संरक्षक चंदन मानू ने जानकारी देते हुए बताया कि लगातार दूसरे वर्ष हमारी समिति के द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन भव्य तरीके से कराया जा रहा हैं। इस प्रतियोगिता में हुए मैच में शिरकत करने आई टीमें के खिलाड़ियों ने अच्छा खेल का प्रदर्शन किया है। खेल रही टीमो में मध्यप्रदेश के अनेक शहर के दिग्गज व प्रदेश के बाहर से भी खिलाड़ी ने आमला में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता में अपने खेल का प्रदर्शन किया। खिलाड़ी के प्रदर्शन से खेल प्रेमी में भी खासा उत्साह देखने को मिला जिससे प्रेरणा लेके आमला शहर के युवा खिलाड़ियों का क्रिकेट के प्रति रुझान एवं माहौल तैयार हुआ हैं। जो युवाओं में छुपा टेलेंट को निखारने के लिए यह प्लेटफॉर्म तैयार किया गया हैं। शनिवार को फाइनल मुकाबला जो खेला जाना था। बारिश के कारण नही खेला गया। समिति के चन्दन ने बताया कि इस प्रतियोगिता का प्रथम पुरुस्कार 1 लाख 11 हजार एक सौ एक रूपए हैं वही दूसरा इनाम 55 हजार 5 सौ 55 रुपये के स्थान चमचमाती ट्राफी भी दी जाएगी। समिति के चंदन मानू ने कहा कि समिति द्वारा जल्द हि फाइनल मुक़ाबला करवाया जाएगा जिसकी तिथि तय नही हुई है।जल्द हि जानकारी हमारे द्वारा दे दीं जाएगी।



### सूर्य नमस्कार की तैयारी, लगातार जारी है योगाभ्यास

# योग ही जीवन को ऊंचाई पर ले जाता है: मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

योग के बिना जीवन शून्य है। किसी भी व्यक्ति में संस्कारों के साथ भौतिक सुख-सुविधाओं में उन्नति के पीछे कहीं ना कहीं योग का सहयोग नजर आता है। जीवन जीना है तो योग ही आपको स्वस्थ्य समृद्ध्ध और विकसित कर सकता है। यह बात आगामी सूर्य नमस्कार के लिए लगातार सप्ताह भर से शैक्षणिक काल के बाद गौठाना स्कूल में योगाभ्या कर रहे शिक्षकों व छात्र-छात्राओं को योगाभ्यास कराते हुए जिला योग प्रभारी एनपी मिश्रा के द्वारा कही गई। उन्होने कहा कि सभी शिक्षक स्कूलों योग क्लब का गठन कर लिया गया है। योग के माध्यम से शैक्षणिक गतिविधियों के साथ योगाभ्यास आज की महती आवश्यकता है। शिक्षक मदनलाल डढोरे ने कहा कि 12 जनवरी को आयोजित होने वाले सूर्य नमस्कार के लिए बच्चों को मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य लाभ को समृद्ध बनाने के लिए यह अभ्यास कराया जा रहा है। जिससे बच्चों क्रियात्मक गतिशीलता के साथ सीखने की प्रवृत्ति भी विकसित होती है। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रमेश चौकीकर, मंगला साबले, श्वेता निरापुरे, नेहा उबनारे, मदनलाल डढोरे, तनवीर खान, मोनिका वर्मा, जयश्री मेश्राम के साथ स्थानीय पालक-बालक योगाभ्यस का हिस्सा बन रहें हैं।



### आदिवासी पारिवारिक मिलन समारोह आज

**बैतूल।** समस्त आदिवासी समाज संगठन द्वारा आज 7 जनवरी रविवार को गुरुद्वारा रोड पुलिस ग्राउंड के सामने आदिवासी सामुदायिक मंगल भवन बैतूल में आदिवासी पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस समारोह में आदिवासी संस्कृति का संदेश देने के उद्देश्य से बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं सामाजिक गतिविधि अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। संगठन से मिली जानकारी के अनुसार तिरूमाल/तिरूमाय नव वर्ष के आगमन पर आदिवासी समाज के समस्त सगाजन मातृशक्ति व पितृशक्ति को सेवा जौहार करते हुए आकास, आदिवासी विकास परिषद, बिरसा ब्रिगेड, मांझी सरकार, जयस, युवा आदिवासी विकास संगठन, गंजन सिंह कोरकू संघर्ष समिति के संयुक्त तत्वाधान में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत सुबह 11 बजे से 11.30 बजे तक पड़ापेन पूजन एवं सुमरनी, 11.30 बजे से 2 बजे तक पारिवारिक परिचय, दोपहर 2 बजे से 2.30 बजे तक बच्चों के सांस्कृतिक, सामाजिक गतिविधि, दोपहर 2.30 बजे से 3 बजे तक आदिवासी सामाजिक विचार गोष्ठी एवं भोजन प्रसादी वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। संगठन ने पारिवारिक मिलन समारोह में जिले के सभी आदिवासी सामाजिक बंधुओं से शामिल का आग्रह किया है।

**समक्ष- न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय बैतूल म.प्र.**
**विवाद्यको के स्थिरीकरण के लिये समंस**
**(आदेश 5 नियम 1 और 5)**

आरसीएसएचएम-प्रकरण क्र. MJCGW 17/2023
**पेशी दिनांक - 02-02-2024**

बालकदास ---- आवेदकगण
विरुद्ध
उषा व अन्य ---- अनावेदिका

**प्रेषिती- सर्वसाधारण आम जनता**

आवेदक बालकदास झरबडे पिता स्व. उमराव झरबडे आयु- 47 वर्ष, निवासी वार्ड न. 22 सुभाष नगर पाथाखेडा तह.घोड़ाडोंगरी जिला बैतूल ने आपके विरूद्ध धारा 7 हिंदू अप्राप्तव्यता एवं संरक्षकता अधिनियम का प्रकरण संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय मे तारीख 02.02.2024 को दिन में 11.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिये समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिए हो और जो इस प्रकरण से संबंधित सभी सारवान् प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो, जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। (आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों, जो आपके कब्जे या शक्ति मे है, पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपको कब्जे या शक्ति में हो या न हो, अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन मे साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसा दस्तावेज की, लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची से प्रविष्टि करें)।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय मे उपसंजात नही होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति मे किया जाएगा। यह आज दिनांक 04/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**( पूरनचंद्र गुप्ता )**
**प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय बैतूल**

प्रशासन की उदासीनता बरकरार, नहीं मिल पा रही ग्रामीणों को राहत

# अव्यवस्था : कैसे सुधरेंगे हालात, छात्राएं हाथ में जूती लेकर निकलने को मजबूर

ग्रामीण इलाकों में पानी निकासी नहीं होने के कारण सड़क पर घरों से निकलने वाला पानी बह रहा है जिससे सबसे ज्यादा स्कूली छात्राएं परेशान है। उन्हें जूतियां हाथों में ले जाना पड़ रहा है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ शोभापुर

ग्राम पंचायतों में पानी निकासी की समस्या एक विकराल समस्या बनकर उभर रही है। प्रायः प्रायः हर दूसरी ग्राम पंचायत में निस्तार के पानी की निकासी ना होने से ग्राम वासियों का जीवन नरक नुमा हो गया है। ग्रामवासियों की समस्याओं का निराकरण ना होना चिंता जनक है। ग्राम पंचायत ढिकवाडा में बीते करीब एक पखवाड़े से निस्तार के पानी की निकासी न होने से नालियों का पानी सड़कों और घरों में घुस रहा है। ग्रामवासियों द्वारा अपने स्तर से शिकायतें, निवेदन, आवेदन करने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों पर उक्त समस्याओं का ध्यान ना जाना प्रशासनिक कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान उठाता है। दरअसल ग्राम पंचायत ढिकवाड़ा में पानी की निकासी की समस्या लोक निर्माण विभाग द्वारा शोभापुर से माछा तक सड़क निर्माण के बाद उपजी हैं। लोक निर्माण विभाग द्वारा गांव के अंदर जाने वाली सड़को से अधिक ऊंचाई की सड़क बनाने के बाद आज दिनांक तक उक्त सड़क किनारे नाली न बनने से यह समस्या निर्मित हुई है। लोगो के अनुसार उक्त समस्या के समाधान के लिए ग्राम पंचायत के किनारे लोक निर्माण की सड़क पर नाली बनाई जाए जो कि ग्राम की समस्या के लिए एक स्थाई विकल्प होगा हालाकि यह तभी संभव है जब ग्राम पंचायत के ग्रामीणों की शिकायतों पर अधीनस्थ विभाग का ध्यान जाए। ढिकवाड़ा में नाली का पानी सड़कों में गुजर रहा है तो इन हालातों में स्कूली छात्र-छात्राएं हांथ में जूते लेकर निकलने को विवश है। गौरतलब हो कि ग्रामीणों द्वारा उक्त समस्या के समाधान के लिए दर्जन भर 181 पर शिकायतें दर्ज करवाई जा चुकी है। उक्त समस्या के समाधान के लिए एसडीएम को संबोधित करते हुए एक शिकायती आवेदन भी ग्रामीणों द्वारा दिया जा चुका है लेकिन समस्याएं जस की तस बनी हुई है। कोई हल न निकलने से ग्रामीण अपनी किस्मत को धिक्कार रहे हैं।

## सड़क निर्माण ऐसा कि टूटे ग्राम वासियों के नए नल कनेक्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद

पीपल चौक से रेलवे स्टेशन गुरामखेड़ी को जोड़ने वाली बहु प्रतीक्षित सड़क का निर्माण प्रारंभ हो गया है। सड़क के निर्माण प्रारंभ के उद्घाटन के दिन ही जेसीबी मशीन से सड़क के लिए खुदाई करते समय ग्राम जमुनिया के अनेक नल कनेक्शनो को तोड़ दिया गया।

जिससे ग्राम वासियों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है जनपद सदस्य प्रतिनिधि लखन शर्मा ने बताया कि अभी तो सड़क निर्माण प्रारंभ ही हुआ है और ग्राम वासियों के नल कनेक्शन टूट गए हैं जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्य कर रहे ठेकेदार के सुपरवाइजर ओमपुरी ने टूटे नल का कनेक्शन जोड़ने से इनकार कर दिया है और कहां है कि जिसने नल कनेक्शन तोड़े हैं वही नल कनेक्शन जोड़ेंगे अभी वर्तमान में जेसीबी से खुदाई का काम बंद करवा दिया गया है।

# शासकीय कन्या महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने किया छात्राओं से संपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन भोपाल के निर्देशानुसार व प्राचार्य डॉ आरएस मेहरा के मार्गदर्शन में शासकीय कन्या महाविद्यालय, इटारसी के प्राध्यापकों द्वारा कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरानी, इटारसी की छात्राओं से संपर्क किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरएस मेहरा ने बताया कि महाविद्यालय, उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन की बहुउद्देशीय योजना कॉलेज चलो अभियान के तहत छात्राओं को महाविद्यालय में प्रवेश लेने हेतु प्रोत्साहित कर रहा है। जिससे प्रत्येक छात्रा को उच्च शिक्षा प्राप्त हो सके। महाविद्यालय में कॉलेज चलो अभियान के प्रभारी डॉ. शिरीष परसाई ने कहा कि कॉलेज चलो अभियान के माध्यम से सुदूर क्षेत्र के विद्यार्थियों के प्रवेश को बढ़ाने, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020की जानकारी देने एवं प्रदेश के सकल पंजीयन अनुपात के लक्ष्य को हासिल करने के उद्देश्य से महाविद्यालय के क्षेत्राधिकार में आने वाले विभिन्न शासकीय, अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों, अभिभावकों एवं छात्राओं से संपर्क किया जा रहा है। इस अभियान के तहत महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिपेक्ष्य में जानकारी पीपीटी तथा पंपलेट के माध्यम से दी जा रही है। डॉ. संजय आर्य ने छात्राओं को महाविद्यालय में दी जाने वाली छात्रवृत्तियों की जानकारी देते हुए कहा कि शासन का उद्देश्य है कि कोई भी छात्रा आर्थिक कारणों से उच्च शिक्षा से वंचित न रहे। डॉ. श्रद्धा जैन ने छात्राओं को ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया तथा महाविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों की जानकारी देते हुए प्रवेश लेने के लिए प्रेरित किया। आपने कहा कि छात्राएं महाविद्यालय में पूर्णतः सुरक्षित वातावरण में शैक्षणिक उपलब्धियां को प्राप्त कर रही हैं। क्षमा वर्मा ने छात्राओं को महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरानी इटारसी की प्राचार्य श्रीमती सपना गिरधारी एवं शैक्षणिक स्टाफ ने कॉलेज चलो अभियान हेतु महाविद्यालय के प्रयासों की सराहना की।

## बिजली के खंभे से टकराई कार, खंबा टूटा, नाबालिग बाल-बाल बचा



**सेमरी हरचंद**। स्टेशन रोड पर मंडी गेट के सामने मारुति कार को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए नाबालिक ने बिजली के खंबे में टक्कर मार दी। जिससे बिजली के खंभे को तोड़ती हुई कर जाकर खाली जगह में घुस गई नाबालिक की किस्मत अच्छी होने के कारण वह बाल बाल बच गया। क्योंकि खंबे के पास ही डीपी दी थी यदि डीपी से कर टकरा जाती तो कोई अनहोनी घटना घटने की संभावना थी प्रत्यक्ष दर्शियो ने बताया कि कर के खंभे से टकराने पर बहुत जोर की आवाज आई ऐसा लग रहा था जैसे किसी फिल्म की शूटिंग चल रही हो बहरहाल नाबालिक कर चालक सुरक्षित है एवं उसे कोई चोट नहीं आई परंतु इस घटना से सबक लेकर माता-पिता को अपने नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति नहीं देनी चाहिए।

# ग्रामीणों से बातचीत करने पहुंचे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



पुलिस थानों के परिसीमन को लेकर पिछले दिनों हुई कलेक्टर और एसपी की बैठक के बाद मिले आदेश को लेकर अब स्थानीय अधिकारी गांव-गांव जाकर ग्रामीणों से उनकी राय जानने का प्रयास कर रहे हैं। आज अनुविभागीय अधिकारी राजस्व टी प्रतीक राव और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस महेन्द्र सिंह चौहान ने रामपुर थाना प्रभारी के साथ कुछ ऐसे गांवों का दौरा किया जिनके तवानगर और पथरोटा थाना से दूरी होने से रामपुर थाना क्षेत्र में मिलाने की योजना है। थानों की सीमाओं के निर्धारण के संबंध में आज एसडीम टी प्रतीक राव, तहसीलदार सुनीता साहनी, एसडीओपी महेंद्र सिंह चौहान, रामपुर थाना प्रभारी आकाश शर्मा और पथरोटा थाना प्रभारी संजीव पवार के साथ ग्राम रूपापुर, चिल्लई और सिलारी गांव में पहुंचे। इस दौरान प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी राय जानी है। अधिकारियों ने ग्रामीणों से इटारसी तहसील के थाना तवानगर स्थित सोनतलाई, कोठा, गजपुर, रूपापुर, चिल्लई, सिलारी, बेलावाड़ा, धोबीखापा और थाना पथरोटा के अंतर्गत आने वाले नांदनेर और कांदईकलॉ को इटारसी अनुविभाग के ही थाना रामपुर में शामिल करने के संबंध में ग्रामीणों और ग्रामीण जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर उनके सुझाव लिये हैं। एसडीएम टी प्रतीक राव ने बताया कि सभी ग्रामीणों और सरपंचों से थाने की सीमा निर्धारण को लेकर चर्चा की गई, सभी से सुझाव लेकर कलेक्टर को भेजा जाएगा।

# मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा



भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदा पुरम सोनिया मीणा के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में शनिवार को विधानसभा क्षेत्र क्रं.136 के 318 मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन बीएलओ द्वारा किया गया। 1 जनवरी की अहर्ता तारीख को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले समस्त 18 एवं 19 आयु वर्ग के नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से जोड़े जाने की कार्यवाही की जाकर बीएलओ एप के माध्यम से दर्ज समस्त फार्मो की जांच करके समस्त दस्तावेज अपलोड किए जाएंगे प्रमोद सिंह गुर्जर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सिवनी मालवा एवं निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने बताया कि मतदाता सूची का संक्षिप्त पुनरीक्षण 6 जनवरी से 22 जनवरी तक मतदाता सूची में नाम जोड़ना, मतदाता सूची से नाम काटना, तथा संशोधन की प्रक्रिया चलेगी 25 जनवरी को 14 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस समस्त 318 मतदान केंद्रो पर मनाया जाएगा। 13 एवं 20 जनवरी को मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण कैंप आयोजित किए जाएंगे। 8 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। प्रारंभिक प्रकाशन मतदान केन्द्रों के साथ ही निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय सिवनी मालवा, तहसील कार्यालय डोलरिया, तहसील कार्यालय इटारसी तथा केसला में भी किया गया।

## स्कूल की पत्रिका कहानी गीत से छात्रों शिक्षकों ने सजाया



**सिवनीमालवा**। शासकीय हाई स्कूल खांडादेवरी में शिक्षक शिक्षिकाओं व विद्यार्थियों द्वारा हस्तलिखित शालेय पत्रिका का निर्माण किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं व शिक्षक शिक्षिका ने कविता,कहानी ,लेख आदि से सजा दिया। साथ ही बाल सभा में बाल संसद का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाला प्राचार्य डॉ. अर्चना तिवारी, शिक्षक पंकज कुमार दुबे, राजेश कुमार साहू, रामेश्वर प्रसाद मेहरा, सोहन लाल अहिरवार, नीमचन्द कुशवाहा, ब्रजेश मेहर, दिनेश कुमार साहू, रितु साहू, नगीना खान ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।




# भारत विकसित यात्रा रथ का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भारत विकसित यात्रा रथ निकालकर आमजन को दी जा रही है। शनिवार को रथ के नगरागमन पर यात्रा में शामिल विधायक विजयपाल सिंह, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया, पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा सहित जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने पुष्पहार से स्वागत किया। मुख्य कार्यक्रम बस स्टैंड पर हुआ। जिसमें वक्ताओं ने जन कल्याणकारी योजनाओं का पात्र हितग्राहियों से लाभ लेने की अपील की जिससे वह अपना जीवन स्तर में सुधार लाएं। चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष सावित्री परनामे, नगर परिषद अध्यक्ष रीना आकाश तिवारी, पार्षदगण भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों की स्टाल लगाकर केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

# विनीत भार्गव को नियुक्त किया किसान मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



विधान सभा चुनाव के बाद संगठनात्मक फेरबदल बीते दो हफ्तों से जारी है। संगठनात्मक फेर बदल की गतिविधियां शोभापुर मंडल में राजनैतिक रथ में सवार होकर प्रभावी सफर पर अग्रसर है। इस सफर की संभावना हाल ही में बीते विधान सभा चुनाव के दौरान नेताओं के पैरों की चाल से लगाई जा रही थी। वरिष्ठ भाजपाई विनीत भार्गव जो कि मूलतः शोभापुर के निवासी हैं। उनकी निष्ठा और आस्था उन्हे भाजपा का निर्विवाद कर्मठ सिपाही बनाती है और फलस्वरूप उन्हे किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष पद से नवाजा गया है। मंडल अध्यक्ष ललित पटेल ने पत्र के माध्यम से बताया कि उनकी नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष दर्शन सिंह चौधरी के निर्देश पर जिला प्रभारी सीमा सिंह जादौन, जिला अध्यक्ष माधव दास अग्रवाल, विद्यायक विजयपाल सिंह की सहमति पर किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष योगेंद्र सिंह राजपूत द्वारा की गई है। उनकी इस नियुक्ति पर किसान मोर्चा जिला प्रभारी सुरेश पटेल, ललित पटेल, केशव जाजू, शरद दुबे, नव नियुक्त युमो मंडल अध्यक्ष सुदीप दुबे, भगवान सिंह पटेल, कमलेश आचार्य, राघवेंद्र आचार्य, चंद्रगोपाल भार्गव, हिम्मत कुशवाहा, गणेश राम, राजकुमार पटेल, अजय श्रीवास्तव, कृष्ण मुरारी पटेल, हैप्पी नामदेव इत्यादि ने बधाइयां प्रेषित की है। हाल में शोभापुर मंडल में निवासरत भाजपा कार्यकर्ताओं की ताजपोशी के बाद विधान सभा के समर्पित कार्यकर्ताओं में उम्मीद की किरण सी जाग चुकी है कि देर सबेर उन्हे भी इमानदारी का इनाम मिल सकता है। दरअसल विधान सभा चुनाव परिणाम के बाद सोसल मीडिया के अनेक प्लेटफार्मो पर भितरघाती कार्यकर्ताओं को काफी कुछ कहा सुना गया था जिससे यह उम्मीद और प्रबल मानी जा रही है कि सोहागपुर मंडल में भी काफी कुछ बदले जाने की जरूरत संगठन महसूस कर सकता है। हालांकि अभी तक यह अस्पष्ट है कि भितरघाती किसके इशारों में किसने और किस स्तर तक की है।

तीसरे दिन उमरिया, इंदौर, शाजापुर, सिवनी जीते

# आज होंगे 3 क्वार्टर फाइनल मुकाबले

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



हॉकी मध्यप्रदेश के तत्वावधान में डीएचए होशंगाबाद द्वारा आयोजित अंतर जिला हॉकी प्रतियोगिता के तीसरे दिन उमरिया, इंदौर और शाजापुर ने अपना विजयी रथ गतिमान रखा तो सिवनी ने भी अपना मैच जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया।

प्रतियोगिता में खिलाड़ियों की हौसला अफजायी करने नर्मदापुरम जनपद अध्यक्ष भूपेन्द्र चौकसे, जिला खेल अधिकारी उमा पटेल, अश्वनी वर्मा, डीएचए अध्यक्ष प्रशांत जैन, कार्यकारी अध्यक्ष शिरीष कोठारी, एलकेजी संचालक निपुण गोठी, रोहित गौर, होशंगाबाद नपा में पार्षद सभापति जितेन्द्र तिवारी, विवेक गौर, अभा हॉकी प्रतियोगिता आयोजन समिति अध्यक्ष राहुल चौरे, स्वागत अध्यक्ष शैलेन्द्र दुबे, युवा नेता गोपाल शर्मा, शुभम राठौड़ सहित अन्य मौजूद रहे। डीएचए सचिव कन्हैया गुरयानी ने सभी अतिथियों से खिलाड़ियों का परिचय कराया।

### तीसरे दिन चार मैच हुए

प्रतियोगिता के तीसरे दिन चार मैच खेले गये। पहला मैच हरदा और उमरिया के मध्य खेला गया जो उमरिया ने एकतरफा मुकाबले में 6-0 से जीता। दूसरे मैच में सिवनी ने बालाघाट को 2-1 गोल से हराया। तीसरा मैच इंदौर ने गुना को 3-0 से हराकर जीता। चौथा और अंतिम मैच शाजापुर ने दमोह को 1 के मुकाबले 4 गोल से हराकर जीता और अगले दौर में प्रवेश किया।

### आज ये मैच खेले जाएंगे

पहला मैच भोपाल विरुद्ध शाजापुर सुबह 10 बजे दूसरा मैच जबलपुर विरुद्ध उमरिया दोप. 12 बजे, क्वार्टर फाइनल तीसरा मैच ग्वालियर विरुद्ध सिवनी 1.30 बजे, क्वार्टर फाइनल चौथा मैच इंदौर विरुद्ध मंदसौर दोपहर 3 बजे, क्वार्टर फाइनल होगा।

### श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अभियान में समग्र क्षेत्र तल्लीन

सोहागपुर। राम मंदिर निर्माण का सपना संजोए वर्षो से राम भक्त जिस पल की प्रतीक्षा में थे वो घड़ी 22 जनवरी की जब आ रही है तब राम के अन्यन भक्त इस पल को खास बनाने के लिए अपना सर्वस्व समर्पित करते हुए हरदिन टोलियां बनाकर ग्रामीणों नगर वासियों, मोहल्ले वासियों को राम मय वातावरण करते हुए श्री राम मंदिर पर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पधारने का आमंत्रण विभिन्न तरीकों से दे रहें है। सोहागपुर शहर में जहां राम भक्त मोहल्लो में 22 जनवरी के दिन दीपावली सा त्यौहार मनाने की तैयारियां करवा और खुद कर रहे हैं तो वहीं शोभापुर क्षेत्र के चांदी खेड़ी, गुरारी, सौंसरखेड़ा में राजू पटेल अपने साथियों के साथ कीर्तन करते हुए धार्मिक माहौल में वृद्ध जनों को भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा की जानकारी देते हुए आमंत्रण दे रहे हैं। भाजपा युमो मंडल अध्यक्ष सुदीप दुबे, केशव जाजू, शरद दुबे, राजेंद्र बाहेती, हैप्पी नामदेव मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप

### पत्नी से नाराज युवक ने जहरीला पदार्थ खाया

**हरदा।** जिले के रहटगांव थाना के ग्राम बालागांव में शुक्रवार शाम मजदूरी करने वाले एक युवक की पत्नी उसका फोन रिसीव नहीं कर रही थी, इस बात से नाराज होकर उसने जहरीली दवाई खा ली। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम बंशीपुर का रहने वाला छोटेलाल पिता रामरतन कोरकू उम्र 40 साल जो अपनी पत्नी और तीन बच्चों के साथ ग्राम बालागांव में रहकर मजदूरी करता है। उसका अपनी पत्नी से घरेलू बातों को लेकर विवाद हो गया। जिसके कारण गुस्से में आकर पत्नी अपने पीहर आमाखाल चली गई। जहां दो दिन रुकने के बाद तीसरे दिन वह पटालदा चली गई। जब पति ने उसे वापस घर आने के लिए फोन लगाया तो उसने अपने पति का फोन भी रिसीव नहीं किया और जब ग्रामीणों ने फोन लगाया तो उन्हें घर आने के लिए मना कर दिया। इस बात से नाराज होकर पति ने जहरीली दवाई का सेवन कर लिया। तबीयत बिगड़ने पर उसे गांव के लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया है। बताया जा रहा है कि युवक की दो बेटियां ओर एक बेटा है।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**हरदा।** पलासनेर रेलवे स्टेशन के पास शनिवार सुबह करीब 9 बजे एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई है। युवक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल भिजवाया। दानापुर पुणे ट्रेन (12149) सिग्नल नहीं मिलने से पलासनेर रेलवे स्टेशन के पास कुछ देर के लिए रुकी थी। इस दौरान ट्रेन की जनरल बोगी में सवार एक युवक टॉयलेट के लिए उतरा और पटरी की दूसरी तरफ चला गया। ट्रेन ने चलने के लिए हॉर्न दिया तो वह हड़बड़ाहट में ट्रेन में चढ़ने के लिए दौड़ा। दूसरे ट्रैक से आ रही ट्रेन (12335) गोहाटी एक्सप्रेस की चपेट में आ गया। पुलिस ने बताया कि उसके पॉकेट से पूना से सतना जाने का जनरल टिकट ही मिला है।

### प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के लिए जिला स्तरीय समिति गठित

**हरदा।** जनजातीय आबादी वाले ग्रामों के एकीकृत विकास के लिए बुनियादी सेवाओं एवं सुविधाओं में सुधार के लिए केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं के तहत संसाधनों के अभिसरण द्वारा ग्रामों को आदर्श ग्रामों के रूप में विकसित करने के लिए प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना प्रारंभ की गई है। कलेक्टर ऋषि गर्ग ने आदेश जारी कर प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना के लिए जिला स्तरीय समिति गठित की है। आदेश अनुसार कलेक्टर इस समिति के अध्यक्ष होंगे। जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभा डॉ. कविता आर्य को इस समिति की सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है। इसके अलावा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, अपर कलेक्टर, वनमंडलाधिकारी सामान्य, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त सहकारिता, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जिला चिकित्सा अधिकारी स्वास्थ्य विभाग, उपसंचालक किसान कल्याण एवं कृषि विभाग, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, महाप्रबंध दूरसंचार कार्यालय, वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र तथा मुख्य कार्यपालन जनपद पंचायत को समिति में सदस्य नियुक्त किया है।

### शिवना में शांति बहाल, पुलिस बल वापस लौटा

**झिरन्या।** गुरुवार की रात शिवना में हुए घटनाक्रम के बाद पूरी तरह शांति बहाल हो गई है। फलस्वरूप वहां से खरगोन और थाने का पुलिस बल हटा लिया गया है। एसडीओ पुलिस भीकनगांव राकेश आर्य ने जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि कस्बे में सभी वर्गों के लोग भाईचारे के साथ मिलजुल रहे हैं। कहीं कोई अपनी घटना घटित नहीं हुई है। वहां के सामाजिक कार्यकर्ता सौदानसिंह चौहान और मुख्तियार शेख ने बताया कि इस घटना से उत्पन्न अप्रिय स्थिति के बाद सामाजिक सद्भाव कायम करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उल्लेखनीय कि एक युवक द्वारा एक लड़की के छोटे भाई से फोन नंबर मांगे जाने के बाद उसकी सामूहिक पिटाई से माहौल गरमा गया था।

## ग्रामीण बोले - सड़क के काम में ठेकेदार ने गुणवत्ताहीन डामर का प्रयोग किया

# बनते ही उखड़ रही पांच साल की गारंटी वाली जिरावत से सगड़ियाव तक बनी पीएम सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

जिले के बड़वाह की सनावद तहसील टप्पा क्षेत्र में प्रधानमंत्री की गांव को शहर से जोड़ने वाली प्रधानमंत्री सड़क योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। पांच सालों की गारंटी के लिए चार साल से बनाई जा रही पीएमजीएसवाई सड़क का काम अभी पूरा भी नहीं हुआ और आठ-दस महीनों में खस्ताहाल होने लग गई है।

परंतु इस सड़क की सुध लेने वाला कोई भी जिम्मेदार नहीं दिखाई दे रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने गांवों को शहर की मुख्य सड़कों से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री सड़क योजना चलाई थी, लेकिन भ्रष्टाचार के चलते सबसे बड़ी मिर्च मंडी के नाम से प्रसिद्ध बेड़ियां से सगड़ियाव तक 20 करोड़ रुपए की लागत से बन रही 25 किलोमीटर सड़क का निर्माण तो अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। मगर ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों के गठजोड़ के कारण जिरावत से सगड़ियाव तक मार्ग निर्माण में सड़क से डामर का रंग अभी से फीका तो पड़ रहा। साथ सड़क भी जगह-जगह से



उखड़ने लगी है, वहीं सड़क मार्ग में आने वाले नालों पर निर्माण कराए गए पुल - पुलियाओं पर की गई कंक्रीट से गिट्टी और रेत निकलना शुरू हो गई। जिसे लेकर प्रधानमंत्री सड़क के महेश्वर इकाई के अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल खड़े होने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त सड़क के काम में ठेकेदार ने गुणवत्ताहीन डामर का प्रयोग करने के अलावा शासन की ओर से निर्धारित मापदंडों को ताक पर रखकर कार्य किया है। अगर सड़क की गुणवत्ता की तकनीकी जांच कराई जाएगी तो सब इंजीनियर सहित बड़े अफसरों पर गाज गिरेगी। ग्रामीणों ने कहा कि इतनी खराब बनी हुई है कि पांच साल के लिए गारंटेड होने के बावजूद कुछ महीनों में मार्ग पर कई जगह गिट्टी निकलने लगी तो एक दो साल में ही सड़क खस्ता हालत में पहुंच जाएगी। और सड़क पर राहगीरों का चलना दुश्वार हो जाएगा। जिरावत से सगड़ियाव गांव तक करीब चार किलोमीटर सड़क कई जगह से उधड़ने की स्थिति में आ गई है, जिसमें गड्ढे भी हो चुके हैं। उधर सड़क का काम कर रहे ठेकेदार के भतीजे जय मंत्री से जब सड़क निर्माण को बात करना चाही तो उन्होंने अपना मोबाइल ड्राइवर को दे दिया। उनका कहना था कि फिलहाल तो भय्या अस्पताल में हैं लेकिन उनका कहना है कि हमने सड़क निर्माण कार्य में कोई गड़बड़ी नहीं की जो भी काम हुआ है नियमानुसार हुआ है।

#### काम अधूरा है

उक्त सड़क निर्माण में अभी काम अधूरा जो जल्द ही पूरा किया जाएगा, सड़क जहां जहां क्षतिग्रस्त हुई है ठेकेदार से कार्य कराया जाएगा।

**- एचपी जाटव,**
जीएम पीएमजीएसवाई महेश्वर इकाई।

#### काम नियमानुसार हुआ है

हमारे द्वारा जो तकनीकी प्राकलन बनाया गया है उसी के नियमानुसार काम किया गया है। सड़क अगर टूट रही है तो मौके पर जाकर देखेंगे।

**- दीपक जायसवाल,**
सब इंजीनियर प्रधानमंत्री सड़क महेश्वर इकाई।

## गैस की टंकी फटने से कपड़ा व्यापारी के घर हुआ ब्लास्ट

### चाय बनाने उठी महिला 20% झुलसी किचन की दीवार ढही, दरवाजे क्रेक



**खंडवा।** सिंधी कॉलोनी में शनिवार सुबह एक मकान में गैस लीकेज से ब्लास्ट हो गया। कपड़ा व्यापारी राजकुमार आसवानी का परिवार सो रहा था, सुबह पत्नी ने उठकर चाय बनाने चूल्हा जलाया तो अचानक धमाका हुआ। धमाके की आवाज पूरे मोहल्ले में गूंज गई, वहीं कीचन की दीवार ढह के साथ दो दरवाजे क्रेक हो गए। महिला 20% झुलसी गई है, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

घटनास्थल का अपर कलेक्टर कांशीराम बडौले, सीएसपी अरविंद तोमर सहित मोघट टीआई ब्रजभूषण हिरवे, कोतवाली टीआई बलराम राठौर मौके पर पहुंचे। एडीएम बडौले ने बताया कि घटना सुबह के समय की है। प्रथम दृष्टया सामने आया कि रात के समय गैस में लीकेज हुआ है। लीकेज की वजह से गैस पूरे मकान में जम गई थी। परिवार की महिला सपना (गायत्री) आसवानी सुबह चाय बनाने के लिए उठी और चूल्हा जलाने के लिए लाइटर का बटन दबाया वैसे ही धमाका हुआ। सिलेंडर में ब्लास्ट नहीं हुआ है, लीकेज के कारण एयर ब्लास्ट हुआ है। मकान में नुकसान हुआ है, नियमों के तहत परिवार को नुकसानी का मुआवजा दिया जाएगा। पीड़ित का पूरा परिवार सुरक्षित है। इधर, पेट्रोलियम एक्सपर्ट भी मौके पर पहुंचे, संकड़ा मकान चारों तरफ से पैक है, चिंगारी पकड़ते ही धमाका हो गया।

## थाने में की शिकायत

# ऑनलाइन ठगी का शिकार हुआ हंडिया का युवक

**हरदा।** जिले के हंडिया थाना क्षेत्र के रहने वाले एक युवक के साथ ऑन लाइन ठगी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक ने हंडिया थाने और साइबर सेल में अपने साथ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। हंडिया निवासी पीड़ित युवक आयुष पांडे ने बताया कि बीती दो जनवरी को एक व्यक्ति का फोन आया। जिसमें उसने अपने आपको मिशो कंपनी का कर्मचारी बताते हुए मेरे ओर से मंगाए सामान को पसंद नहीं आने की दशा में उसकी राशि वापस करने के लिए एक ऐप डाउनलोड करने को कहा गया था। ऐप को डाउनलोड करने के बाद उसका मोबाइल किसी व्यक्ति ने हैक कर लिया। कॉल कर यूपीआई आईडी डालने को कहा गया। जिसके बाद जैसी ही उसने अपनी आईडी के पासवर्ड डाले उसके एकाउंट से 73 हजार 542 रुपए खाते से कट गए। हंडिया थाना प्रभारी अनिल गुर्जर ने बताया कि फरयादी आयुष पांडे ने थाने में आवेदन दिया है हरदा साइबर सेल को जानकारी दी गयी है।

मामले की जांच की जा रही है उसके बाद कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि बैंक उपभोक्ता अपने बैंक से संबंधित जानकारी किसी अज्ञात व्यक्ति को न दें। बैंक कर्मचारी कभी भी उपभोक्ता को फोन कर जानकारी नहीं मांगता। इस संबंध में लगातार बैंक व पुलिस लोगों को जागरूक कर रही है। यह सब साइबर अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसे अपराधी लगातार लोगों से धोखाधड़ी कर ठग रहे हैं। ऐसी ठगी से बचने के लिए उपभोक्ताओं को जागरूक होना होगा।

## सोनोग्राफी में बताई थी 6.8 मिमी की पथरी, इंदौर में कराई जांच में नहीं मिली थी

# बड़वाह के राधा डायग्नोस्टिक सेंटर में फर्जीवाड़ा, पहुंचा जांच दल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर जिले में चल रहे अवैध कारोबार पर जिला प्रशासन सख्त है। ऐसे ही बड़वाह में संचालित राधा डायग्नोस्टिक सोनोग्राफी सेंटर से गलत रिपोर्ट मिली थी। अब इस मामले में जिला चिकित्सा अधिकारी ने जांच कमेटी गठित की है। जांच दल बड़वाह आया, उन्होंने शिकायतकर्ताओं के बयान लेकर दस्तावेज संग्रहित किए।

कुछ दिन पहले बड़वाह की एक महिला ने राधा डायग्नोस्टिक सेंटर पर सोनोग्राफी करवाई थी। उन्हें पथरी बताई थी, लेकिन जब इंदौर में सोनोग्राफी करवाई तो जांच रिपोर्ट में पथरी नहीं पाई गई। जैन दंपती ने स्वास्थ्य विभाग के अफसरों से इसकी शिकायत की। मामले में सीएमएचओ खरगोन ने डॉक्टर बीएल कोशल के नेतृत्व में तीन सदस्य जांच दल का गठन किया। यह जांच दल बड़वाह आया। सिविल अस्पताल बड़वाह में शिकायतकर्ता नवरत्न जैन एवं मधु जैन के बयान लिए। जांच दल प्रभारी डॉक्टर



कोशल ने कहा कि अभी हमने बयान लिए हैं। राधा डायग्नोस्टिक सोनोग्राफी सेंटर के दस्तावेज की जांच कर और सोनोग्राफी करने वाले चिकित्सक के भी बयान लेंगे। हमारा जांच दल पूरी जांच रिपोर्ट बनाकर सीएमएचओ को देगा। उसके बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**मरीज को थी सर्दी जुकाम और बदन दर्द की शिकायत:** नवरत्नमल जैन ने बताया कि पत्नी मधु जैन को सर्दी-जुकाम और बदन दर्द की शिकायत थी। उन्हें कई बार टाइफाइड हो चुका था। इसके चलते 21 दिसंबर को डॉक्टर ओपी टेगर को दिखाया। उन्होंने एक बार सोनोग्राफी करवाने की सलाह दी तो 21 दिसंबर को बड़वाह में गुर्जर लाज में संचालित राधा डायग्नोस्टिक सेंटर पर सोनोग्राफी करवाई। वहां पर जांच के दौरान रिपोर्ट में बताया गया कि मधु जैन को 6.8 एमएम की एक बड़ी और अन्य छोटी पथरी हैं। डॉक्टर टैगर को जब यह रिपोर्ट दिखाई तो उन्होंने किसी यूरोलॉजिस्ट को दिखाने की सलाह दी। उन्होंने आशंका जताई कि बड़ी पथरी के चलते आपरेशन भी हो सकता है।

#### जांच में नहीं मिली पथरी


जैन दम्पत्ति ने 22 दिसंबर को इंदौर के बॉम्बे हॉस्पिटल के सीनियर यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर विवेक झा को दिखाया। डॉक्टर ने पथरी को वास्तविक स्थिति को देखने के लिए एक बार फिर सोनोग्राफी करवाने की सलाह दी। बाम्बे हॉस्पिटल में करवाई गई सोनोग्राफी में किसी भी प्रकार की पथरी नहीं पाई गई। डॉक्टर विवेक झा ने मस्क्यूलर पेन की दवाई देकर पत्नी और मुझे बड़वाह भेज दिया। सेकंड ओपिनियन लेने से मधु जैन सर्जरी से बच गई। बड़वाह आकर राधा डायग्नोस्टिक सेंटर की गलत रिपोर्ट के बारे में खरगोन जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी को अवगत कराया। दोनों रिपोर्ट और दस्तावेज भेजकर शिकायत की गई।

# सेजला में अज्ञात जानवर का हमला, बच्ची सहित 3 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

जिले के गोगांवा थाने के सेजला गांव में शुक्रवार रात को सो रहे तीन लोगों पर अज्ञात जानवर ने अचानक हमला कर दिया। हमले में 6 साल की मासूम बच्ची समेत 3 लोग घायल हुए हैं। सभी के चेहरों और हाथों पर जख्म के निशान हैं।

तीनों घायलों को इलाज के लिए गोगावा के सरकारी अस्पताल लाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर घायल एक मासूम बच्ची सहित एक 40 वर्षीय पुरुष को जिला अस्पताल रैफर किया है। जहां दोनों का इलाज जारी है, जबकि एक बुजुर्ग का गोगावा के अस्पताल में भर्ती है। खरगोन रैफर दोनों की हालत खतरे से बाहर है।




चेहरे और हाथ पर घाव

फिलहाल अज्ञात जानवर की पुष्टि नहीं हुई है। वन विभाग और पुलिस अज्ञात जानवर का पता लगाने में जुट गई है। दोनों के हाथ व चेहरे पर काटा है। घायलों का इलाज कर रहे डॉक्टर विनय वास्कले ने बताया की अज्ञात जानवर के काटने से एक 6 साल की अंजली नाम की बच्ची और एक मास्टर नाम के 40 वर्षीय पुरुष को जिला अस्पताल लाया गया है। दोनों के चेहरों पर अज्ञात जानवर ने काटा है। इलाज चल रहा है। दोनों की हालत खतरे से बाहर है। गोगांवा क्षेत्र की रेंजर मनीषा बुंदेला ने कहा कि यह बिस्टान वन क्षेत्र का मामला है। मामले में डीएफओ प्रशांत आर्य ने कहा घटना की जानकारी ले रहे हैं। नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

#### काले रंग का था जानवर

परिजन सुनील ने बताया कि बीती रात को सभी सो रहे थे, तभी रात को करीब 12 बजे अज्ञात जानवर ने अचानक हमला कर दिया। इस दौरान जानवर ने तीन लोगों पर हमला किया था, जिसमें एक बच्ची सहित दो पुरुष शामिल है। दो को खरगोन जिला अस्पताल और एक घायल का गोगांव में इलाज किया जा रहा है। हमला करने वाला जानवर काले रंग का था।

## विश्नोई जाति को केंद्र में ओबीसी में शामिल करने की मांग, पीएम के नाम दिया ज्ञापन



**हरदा।** मध्यक्षेत्र विश्नोई सभा ने मध्यप्रदेश में रहने वाली विश्नोई जाति को केंद्र में अन्य पिछड़ी जाति वर्ग (ओबीसी) में शामिल करने की मांग करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एक ज्ञापन शनिवार को कलेक्ट्रेट में डिप्टी कलेक्टर को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से सभा के अध्यक्ष आत्माराम पटेल ने कहा कि मध्यप्रदेश में निवासरत विश्नोई जाति लगभग 200 वर्ष पूर्व राजस्थान प्रांत से विस्थापित होकर मध्यप्रदेश के विभिन्न अंचलों में स्थाई रूप से निवासरत होकर कृषि कार्य कर रही है, जो कि शैक्षणिक, आर्थिक, सामाजिक एवं राजनैतिक दृष्टि से अत्यधिक पिछड़ी हुई है। प्रशासनिक नौकरियों व राजनीति में सहभागिता नगण्य है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए पूर्ववर्ती राज्य सरकार ने विश्नोई जाति को मध्यप्रदेश में अन्य पिछड़ी जाति वर्ग (ओबीसी) में शामिल किया था किंतु विश्नोई जाति आज भी केन्द्र सरकार द्वारा पिछड़ी जातियों के लिए संचालित केंद्रीय योजनाओं के लाभ प्राप्त करने से वंचित है। हमारी राष्ट्रीय कार्यकारिणी अखिल भारतीय विश्नोई महासभा मुकाम द्वारा भी विश्नोई जाति को राष्ट्रीय स्तर पर केंद्रीय पिछड़ी जाति वर्ग (ओबीसी) में शामिल करने व केन्द्र सरकार की योजनाओं एवं नौकरियों में आरक्षण प्रदान कराने शनिवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित किया गया। इसी तारतम्य में निवेदन है कि विश्नोई जाति को केन्द्र में अन्य पिछड़ी जाति वर्ग (ओबीसी) में शामिल कर केंद्र में आरक्षण प्रदान किया जाए। ज्ञापन देते समय मध्य क्षेत्र विश्नोई सभा के अध्यक्ष आत्माराम पटेल, विश्नोई सामाजिक न्याय समिति के अध्यक्ष हीरालाल खोखर, विश्नोई महासभा के सदस्य इम्रतलाल जाणी, मध्य क्षेत्र विश्नोई सभा के सचिव पूनम पवार, कोषाध्यक्ष श्यामलाल बाबल, लक्ष्मीनारायण पवार, समाज के पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता आरडी झूरिया, मध्य प्रदेश विश्नोई युवा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुहागमाल पवार, राधेश्याम सारन, रमेश लोल, हरनारायण जाणी, नानकराम बेनीवाल, मोहन साईं, रविंद्र आंजना, बृज गीला, सुभाष जांग, सतीश लोल, दीपक सारण, सहित सैकड़ों सामाजिक लोग मौजूद थे।

## अपर कलेक्टर ने राजनैतिक दलों व मीडिया प्रतिनिधियों को दी जानकारी

# मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन प्रारंभ, नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए चलेगा विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 की कार्यवाही आज से प्रारंभ हो गई है। आज से मतदान केंद्र और जिला स्तर पर मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया गया।

मतदाता सूची के पुनरीक्षण हेतु जिले के समस्त बीएलओ अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थिति रहेंगे। यह जानकारी अपर कलेक्टर के.आर. बड़ोले ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों को दी। उन्होंने बताया कि 6 जनवरी से 22 जनवरी तक प्रत्येक कार्य दिवस में बीएलओ अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहकर मतदाताओं का नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए आवेदन लेंगे। अपर



कलेक्टर बड़ोले ने बताया कि 6 जनवरी से 22 जनवरी तक मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने, वोटर लिस्ट में संशोधन, दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं के नाम हटाने के आवेदन लिए जाएंगे। जो युवा 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं वे भी अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकेंगे। इसके साथ ही 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा मतदाता सूची में नाम जुडवाने के लिए अग्रिम रूप से आवेदन कर सकते हैं।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन की सुविधा प्रदान की गई है। आगामी 8 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। मतदान केन्द्रों की अंतिम सूची निर्वाचन आयोग के अनुमोदन उपरान्त प्रकाशित की जायेगी। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की गतिविधियों के अंतर्गत आज अपर कलेक्टर बड़ोले ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक ली और उन्हें मतदाता सूची के प्रारूप की सीडी उपलब्ध कराई जाएगी।

#### 13 एवं 20 जनवरी को लगेंगे विशेष शिविर

फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 अंतर्गत विशेष शिविर लगाए जाएंगे। यह शिविर 13 जनवरी एवं 20 जनवरी को लगाए जाएंगे। इस दौरान समस्त बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करेंगे और मतदाता सूची का वाचन कर फॉर्म 6, 7 और 8 का आवेदन प्राप्त करेंगे।

## कन्याशाला ग्राउंड में कबड्डी स्पर्धा का हुआ आयोजन



**रहटगांव।** विद्यार्थी परिषद के सुधन मानकर ने बताया की खेलो भारत आयाम के माध्यम से कबड्डी प्रतियोगिता बालक वर्ग और बालिका वर्ग की शुक्रवार को कन्याशाला ग्राउंड टिमरनी पर सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ अतिथियों ने किया। प्रतियोगिता में बालक वर्ग में बघबाड, गाड़ामोड़, न्यू एसवीएस क्लब टिमरनी और एसवीएस क्लब टिमरनी की टीमों ने भाग लिया। जिसमे न्यू एसवीएस कबड्डी क्लब टिमरनी टीम विजेता रही। बालिका वर्ग मे न्यू शक्तिव्याम और शक्तिव्याम शाला के रोमांचक मुकाबले में न्यू शक्तिव्याम शाला की टीम विजेता रही। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद के अध्यक्ष देवेंद्र भारद्वाज एवं समस्त पार्षद गण, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष गिरजा शंकर राजपूत, जिला मंत्री हरिदास विश्नोई, सनराइज स्कूल के प्राचार्य अनिल राजपूत एवं समस्त पार्षद उपस्थित रहे। अंपायर के रूप में अंकित जोशी, मुबारक शाह, हिना अली, दीप्ति गौर, आरती भिलाला, कल्पना कौशल, राजनंदनी और अमीषा मालवीय उपस्थित रहे। इस अवसर पर अभाविप के हरिओम राजपूत, अरविंद गुर्जर, रोहित गौर,सतीश राजपूत, वरुण मालवीय, आदि कार्यकर्ता उपस्थित है।